2 फरीदाबाद
एमसीएफ : रेलवे की जमीन पर 4.67 करोड़ के विकास कराए, कार्रवाई शून्य

6 अभिमत
ताकि वह 'खबर' ही रहे, सनसनी न बने

9 देश-विदेश
दुनिया जब भी संकट में होगी, आशा भरी निगाहें भारत की ओर होंगी

12 कसौटी
डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम पर सरकार मेहरबान

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 341
फरीदाबाद, रविवार, 22 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की अग्रिम पंक्ति को दिखाना होगा दम
पेज - 12

# रैली निकाल किया जागरूक




फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय में जागरूकता पैदा करने और कचरा प्रबंधन के महत्व पर जोर देने के लिए एक रैली निकाली गई। शनिवार 21 जनवरी 2023 को स्वच्छता सेनानी क्लब द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय में चल रहे स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रम को चिह्नित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया था। रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में किया गया। छात्रों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक कैरीबैग मुक्त शहर और पेड़ लगाने की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया। रैली में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उचित अपशिष्ट निपटान और स्वच्छ शहर के बारे में न केवल छात्रों के बीच बल्कि माता-पिता के बीच सामुदायिक सफाई के बारे में जागरूकता पैदा करना था। इस कार्यक्रम का समन्वय स्वच्छता सेनानी टीम डॉ. अशोक निराला (संयोजक), डॉ. रेखा सैन (प्रभारी) और सुश्री मोहिनी वर्मा (प्रभारी) द्वारा किया गया।